देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 7 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 3 दिसंबर 2019

**विचार-प्रवाह...** दबदबा बनाम व्यापार





मौसम — अधिकतम 22.0° न्यूनतम 8.0°

40802.17

2 — 7 पाक जनरलों ने किया विरोध

7 — क्रिकेटर मनीष पांडे ने की शादी

## हैदराबाद गैंगरेप और मर्डर पर संसद से सड़क तक उबाल

# भीड़ के हवाले किए जाएं रेपिस्ट

**नाराजगीः** एसपी सांसद जया बच्चन ने बेहद कड़ी टिप्पणी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में महिला वेटनरी डॉक्टर की रेप के बाद निर्मम हत्या से देशभर में उबाल है। सोमवार को इस मामले की गूंज संसद में भी सुनाई दी। दोनों सदनों में सभी दलों के सदस्य इस जघन्य कांड पर बेहद आक्रोशित नजर आए। सांसदों ने दोषियों को जल्द से जल्द फांसी के लिए कानून को और कड़ा करने की वकालत की।

राज्यसभा में तो समाजवादी पार्टी की सांसद और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जया बच्चन तो इस घटना से इस कदर आक्रोशित थीं कि उन्होंने बलात्कारियों को भीड़ के हवाले कर डालने का सुझाव दे डाला। राज्यसभा के सभापति जया के इस सुझाव से थोड़ा हैरान नजर आए। वहीं, एआईएडीएमके की सांसद विजिला सत्यानंद चर्चा के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि देश बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं रहा। उधर, लोकसभा में सदन के उपनेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार दोषियों को फांसी दिलाने के लिए कानून को और कड़ा करने के लिए तैयार है।

जया ने कहा कि इस तरह के अत्याचार पर सदन कितनी ही बार चर्चा कर चुका है। उन्होंने कहा, पता नहीं कि हम कितनी बार इस पर चर्चा करते हैं। हैदराबाद हुआ, निर्भया हुआ, कठुआ हुआ। मुझे लगता है कि इस पर सरकार से इस पर सवाल पूछा जाना चाहिए और उन्हें इस पर सटीक जवाब देना चाहिए।

**रेपिस्ट के अपराध का उम्र से क्या लेना-देनाः** राज्यसभा में सभापति वेंकैया नायडू ने कहा कि इस तरह की अमानवीय घटना से कानून के जरिए नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति से निपटा जा सकता है। उम्र को लेकर भी सबको विचार करना चाहिए।

**कानून और सख्त करने के लिए सरकार तैयारः राजनाथ**

इससे पहले राजनाथ सिंह ने हैदराबाद की घटना को बेहद अमानवीय बताते हुए कहा कि सभी दलों के सदस्य कानून को जितना कठोर बनाना चाहते हैं, सरकार उसके लिए तैयार है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से कहा कि अगर इस मामले पर सदन में चर्चा की जरूरत महसूस हो रही हो तो सरकार तैयार है। राजनाथ ने कहा, हैदराबाद की जो घटना घटी है, मैं मानता हूं कि इससे बड़ा दूसरा कोई अमानवीय कृत्य नहीं हो सकता है।

## तेज हुआ विरोध प्रदर्शन सड़कों पर उतरे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद, प्रेट्र। महिला पशु चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या और शव को जला देने की हैवानियत के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सोमवार को हैदराबाद समेत पूरे तेलंगाना में जगह-जगह छात्र व वकील संगठनों और आम लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। हर प्रदर्शनकारी की जुबान पर महिला चिकित्सक के लिए न्याय और दरिंदों के लिए फांसी की मांग थी।

प्रदर्शनकारियों के हाथों में नारे लिखे बैनर और तख्तियां थी। इन पर मृतका के लिए न्याय और दुष्कर्मियों के लिए फांसी की सजा की मांग वाले नारे लिखे गए थे।

**मांग**

दरिंदों को फांसी पर लटकाने की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अगुआई में विभिन्न छात्र संगठनों ने शहर में रैली भी निकाली।

**आरोपितों की तरफ से कोई वकील केस नहीं लड़ेगाः** तेलंगाना एडवोकेट्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के नेतृत्व में वकीलों ने भी घटना के विरोध में हाई कोर्ट के सामने प्रदर्शन किया और हत्यारों को फांसी देने की मांग की। महबूबनगर और रंगा रेड्डी जिले के बार एसोसिएशनों ने पहले ही फैसला कर रखा है कि आरोपितों की तरफ से कोई वकील केस नहीं लड़ेगा।

# सबकी सुनती है मोदी सरकारः वित्तमंत्री

### अधीर रंजन चौधरी के बयान पर निर्मला सीतारमण ने दिया करारा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा में कॉर्पोरेट टैक्स कटौती पर चर्चा के दौरान अधीर रंजन चौधरी के बयान पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न सिर्फ करारा जवाब दिया, बल्कि अर्थव्यवस्था पर सरकार के रुख का बचाव भी किया। उन्होंने कहा कि वह आलोचनाओं के डर से पीछे भागने वाली नहीं हैं और जिस कॉर्पोरेट टैक्स की कटौती के कदम पर हंगामा मचाया जा रहा है, वह ट्रेड वॉर का फायदा उठाने और नए निवेश को आकर्षित करने के लिया उठाया गया था।

**कांग्रेस को किसानों की बात करने का हक नहींः** कांग्रेस पर हमला करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस आज किसानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, लेकिन वह तब कहां थी, जब वह बाली में डब्लयूटीओ के समझौते पर हस्ताक्षर कर आई थी। अगर प्रधानमंत्री मोदी पीस क्लॉज नहीं लाए होते तो किसानों को न तो आज एमएसपी मिल पाता और न ही जनवितरण प्रणाली के तहत अनाज और अन्य वस्तुओं वितरण हो पाता।

**प्रत्यक्ष कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरीः** प्रत्यक्ष कर संग्रह से जुड़े सुप्रिया सुले के सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, श्आपको पता होना चाहिए कि इसमें कमी नहीं आई, बल्कि बढ़ोतरी हुई है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

**कहर्पोरेट टैक्स कटौती से सबको फायदाः** वित्त मंत्री ने कहा कि कार्पोरेट टैक्स कम करने में सिर्फ अमीरों को फायदा नहीं मिलता, बल्कि छोटे कारोबार से बड़े तक सभी को मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्पोरेट टैक्स का फायदा सूट-बूट वाले लोगों को मिलने की जो बात करते हैं, वह यहां नहीं चलता है।

**जीडीपी पर भी दिया बयान**

वित्त मंत्री ने अधीर रंजन चौधरी के बयान की ओर इशारा करते हुए कहा कि हम आलोचनाओं से पीछे भागने वाले नहीं हैं। उन्होंने दूसरी तिमाही में जीडीपी के 4.5 फीसदी के निचले स्तर पर जाने को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, श्ऐसा पहली बार नहीं है कि जीडीपी विकास दर का आंकड़ा 4.5 फीसदी आया है। पहले की सरकारों में भी जीडीपी की दरें कम हुई हैं।

**अधीर रंजन चौधरी का वित्त मंत्री पर पर्सनल अटैक**

नई दिल्ली। पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को घुपैठिया बताने पर अधीर रंजन चौधरी के बयान पर हंगामा अभी थमा भी नहीं था कि अब उन्होंने एक और विवादित बयान दे दिया है। लोकसभा में कॉर्पोरेट टैक्स कटौती पर चर्चा के दौरान अधीर रंजन चौधरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को निर्बला सीतारमण बता दिया। लोस में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती का विरोध करते हुए इससे होने वाले नुकसान गिना रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, हम आपका सम्मान करते हैं, लेकिन कभी-कभी मुझे आपको निर्मला सीतरमण की बजाय निर्बला सीतारमण कहने का मन करता है, क्योंकि आप मंत्री पद पर तो हैं, लेकिन जो आपके मन में है वह कह भी नहीं पाती हैं।

## अयोध्या फैसले पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जमीयत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अयोध्या फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम संस्था की ओर से आज रिव्यू पिटिशन दाखिल कर दी गई है। जमीयत-उलेमा-ए हिंद की ओर से यह रिव्यू पिटिशन फाइल की गई है। पहले ऐसी खबर थी कि बाबरी विवाद की बरसी पर 6 दिसंबर को जमीयत उलेमा-ए-हिंद सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या मामले में फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर करेगा। जमीयत की ओर से दाखिल पुनर्विचार याचिका में फैसले में मौजूद अंतर्विरोधों को आधार बनाया गया है। कॉपी के अनुसार कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए मस्जिद ढहाने का जिक्र याचिका में किया गया है। याचिका में कहा गया, श्माननीय अदालत ने अपने फैसले में मस्जिद ढहाए जाने को दोषपूर्ण कृत्य करार दिया था। इसके बावजूद फैसला पूरी तरह से हिंदू पक्षकारों की ओर गया है।

जमीयत के यूपी जनरल सेक्रटरी मौलाना अशद रशीदी की ओर से दायर की जाएगी, जो कि अयोध्या मामले में मुस्लिम पक्ष के 10 याचिकाकर्ताओं में से एक हैं। 3 सप्ताह पहले ही सर्वोच्च अदालत से अयोध्या विवाद पर फैसला आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह ने राहुल गांधी को दिया खुला चैलेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चक्रधरपुर। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी प्रचार चरम पर है। सोमवार को चक्रधरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए बीजेपी के अध्यक्ष अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को खुला चैलेंज दिया। झारखंड में पहली चुनावी रैली करने जा रहे राहुल गांधी के बारे में शाह ने कहा कि राहुल बाबा आपके 55 साल के शासन और हमारे पांच साल के शासन का हिसाब लेकर मैदान में आ जाओ।

राहुल बाबा, जो बोलना हो बोलो लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं और बीजेपी सरकार पूरे देश में एनआरसी लागू करके घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालेगी।

### योजना से देश में एक भी गरीब नहीं बचताः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सिमडेगा की रैली में बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर आदिवासियों की जमीन छीनने का आरोप लगाया और कहा कि जो आज झारखंड में हो रहा है, वही पहले छत्तीसगढ़ में होता था लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने वहां का चेहरा बदल दिया। गांधी ने कांग्रेस की बहुचर्चित न्याय योजना का भी जिक्र जनसभा में किया। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के दौरान न्याय योजना लेकर आई थी लेकिन हम चुनाव नहीं जीत पाए।

### 40,000 करोड़ बचाने के लिए सीएम बने थे फडणवीस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। देवेंद्र फडणवीस के एनसीपी नेता अजित पवार के साथ मिलकर पहले सरकार बनाना और बाद में बहुमत परीक्षण से एक दिन पहले ही इस्तीफा देने को लेकर विरोधी उन पर 3 दिन का सीएम तंज कस रहे हैं। हालांकि, बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत कुमार हेगड़े का 3 दिन के सीएम पर एक अलग तरह का दावा है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


## प्रियंका गांधी की सुरक्षा में सेंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के लोधी एस्टेट स्थित कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के आवास का सुरक्षा घेरा तोड़ने का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, एक सप्ताह पहले अज्ञात लोग बिना उनके आवास में घुस गए और प्रियंका के साथ सेल्फी लेने का अनुरोध करने लगे। उधर, गृह मंत्रालय ने मामले संज्ञान लिया है और गृह राज्य मंत्री का कहना है कि वह इस संबंध में अपने अधिकारियों से बात करेंगे। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने बताया कि उनके पास इस बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है।

**बिना अनुमति अज्ञात लोग घर में घुसेः सूत्र**

बता दें कि यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटा दी गई है और उन्हें जेड-प्लस सुरक्षा दी गई है। मामले में सीआरपीएफ से शिकायत की गई है जिसके पास अब गांधी परिवार की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। अडिशनल डीसीपी दीपक यादव ने इस संबंध में कहा कि स्थानीय पुलिस थाने को प्रियंका गांधी के घर में गैर-अधिकृत वाहन के घुसने के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है।